# UP TGT

# Previous Year Paper
## (Hindi) 2011

# Test Prime

## ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

**70,000+** Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

**600+** Exam Covered

Previous Year Papers

**500%** Refund

ATTEMPT FREE MOCK NOW

**1. उपेन्द्रनाथ 'अश्क' रचित 'जोंक' किस प्रकार का एकांकी है?**
(a) प्रतीकात्मक
(b) सामाजिक व्यंग्य
(c) मनोवैज्ञानिक
(d) राजनीजिक व्यंग्य

**2. छायावाद की पहली रचना मानी जाती है:**
(a) पल्लव (b) लहर
(c) कामायनी (d) झरना

**3. निम्नांकित वाक्यों में क्रिया-विशेषण वाक्य कौन-सा है?**
(a) मैं कल नहीं जाऊंगा।
(b) यह फूल सुन्दर है।
(c) लड़का राते-रोते घर पहुँचा।
(d) आज शाम को मत आना।

**4. वियोगि हरि का वास्वतिक नाम क्या था?**
(a) हरिहर प्रसार (b) हरि प्रसाद
(c) राम प्रसाद (d) इनमें से कोई नहीं

**5. भारतीय भाषा परिषद, कोलकाता द्वारा प्रकाशित पत्रिका है:**
(a) वसुधा (b) आलोचना
(c) साहित्य (d) तागर्थ

**6. सूची -I का मिलान सूची-II से कीजिए और दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| A. | कालिदास | 1. | ऋतुसंहारम् |
| B. | भवभूति | 2. | दशकुमारचरितम् |
| C. | दण्डी | 3. | नैषधीयचरितम् |
| D. | वाणभट्ट | 4. | ऊत्तररामचरितम् |
| E. | श्रीहर्ष | 5. | कादम्बरी |

**कूट :**

| | A | B | C | D | E |
|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 5 | 1 |
| (c) | 1 | 4 | 3 | 2 | 5 |
| (d) | 4 | 1 | 5 | 3 | 2 |

**7. निम्नांकित मे पुल्लिग शब्द कौन-सा है?**
(a) मजा (b) सजा
(c) कजा (d) रजा

**8. हिन्दू मग पर पांव न राखेऊं, का जो बहतै हिन्दी भाखेउ।**
**यह उक्ति रचना और रचनाकार से सम्बन्धित है?**
(a) नूर मोहम्मद — इन्द्रावती
(b) उसमान — चित्रावली
(c) नूर मोहम्मद — अनुराग वांसुरी
(d) कासिमशाह — हंस जवाहिर

**9. 'सबसे बड़ा सिपहिया' के रचनाकार हैं:**
(a) वीरेन्द्र जैन (b) वीरेन्द्र कुमार
(c) मिथिलेश्वर (d) गोविन्द मिश्र

**10. "जब हम प्रीति, उदारता और भलमनसाहत का बरताव करते हैं तब भी वे यही समझते हैं कि हम उनसे घृणा कर रहे हैं और हम चाहे उनका जितना ही उपकार करें बदले में हमें अपकार ही मिलेगा।" यह कथन किस निबन्ध से लिया गया है?**
(a) घृणा (b) प्रीति और लोभ
(c) ईर्ष्या तू न गई मेरे मन से (d) मित्रता

**11. 'नाटक जारी है' कि विधा की रचना है?**
(a) उपन्यास (b) नाटक
(c) निबन्ध (d) कविता

**12. 'गंगा' का एक नाम है:**
(a) हंससुता (b) सुरसर
(c) विष्णुपदी (d) धेनुमती

**13. पूर्वी हिन्दी की बोली नहीं है:**
(a) अवधी (b) भोजपुरी
(c) बघेली (d) छत्तीसगढ़ी

**14. रससूत्र की 'अनुमितिवादी' व्याख्या करने वाले आचार्य है:**
(a) भट्ट नायक (b) अभिनव गुप्त
(c) लोलट्ट (d) शंकुक

**15. निम्नलिखित में कौन शब्द स्त्रीलिंग नहीं है?**
(a) पानी (b) नानी
(c) कहानी (d) रानी

**16. भारतीय नारी समस्याओं को आधार बनाकर महादेवी वर्मा ने कौन-सा ग्रन्थ लिखा है?**
(a) पथ के साथी
(b) श्रृंखला की कड़ियां
(c) अतीत के चलचित्र
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

Adda247 GET IT ON Google Play



**17. 'स्त्री विमर्श' का उद्देश्य है:**
(a) स्त्री अस्मिता की खोज
(b) पुरूष प्रभुत्व का विरोध
(c) स्त्रियों की रचनाशीलता की परम्परा की पहचान
(d) उपरोक्त सभी

**18. हिन्दी में गीति नाटय परम्परा की प्रथम रचना और उसके रचनाकार है:**
(a) करूणालय — जयशंकर प्रसाद
(b) अनघ — मैथिलीशरण गुप्त
(c) उन्मुक्त — सियारामशरण गुप्त
(d) अंधायुग — धर्मवीर भारती

**19. 'हिन्दी शब्दानुशासन' ग्रन्थ के रचनाकार है:**
(a) हेमचन्द्र (b) कामता प्रसाद गुरू
(c) किशोरीदास वाजपेयी (d) धीरेन्द्र वर्मा

**20. 'भला, मै क्या कर सकता हूँ' वाक्य में 'भला' शब्द है:**
(a) संज्ञा (b) सर्वनाम
(c) विशेषण (d) अव्यय

**21. 'निशीथ' का उपयुक्त अर्थ है:**
(a) अर्द्ध रात्रि का समय (b) संध्या का समय
(c) प्रात: का समय (d) इनमें से सभी

**22. 'झूला नट' उपन्यास की रचनाकार है:**
(a) मैत्रेयी पुष्पा (b) मृदुला गर्ग
(c) उषा प्रियंवदा (d) शिवानी

**23. 'उत्तर कबीर' पर व्यास सम्मान पाने वाले रचनाकार है:**
(a) कुंवर नारायाण (b) केदारनाथ सिंह
(c) रामविलास शर्मा (d) भवानी प्रसाद सिंह

**24. प्रेममार्गी कवि नहीं है:**
(a) सूरदास (b) मलिक मुहम्मद जायसी
(c) मुल्ला दाउद (d) मंझन

**25. सही युग्म पहचानिए–**
(a) काले — टोपी
(b) सनहरी — पत्ता
(c) दुबला-पतला — लड़का
(d) उड़ता हुआ — चिड़िया

**26. 'वोल्गा से गंगा' किसकी रचना है?**
(a) श्यामसुन्दर दास की (b) सरदार पूर्णसिंह की
(c) राहुल सांकृत्यायन की (d) डॉ. नगेन्द्र की

**27. इनमें कौन-सा समूह आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की रचनाओं को दर्शाता है?**
(a) कल्पवृक्ष, पृथ्वीपुत्र, भारत की एकता मातृभूमि
(b) हिन्दी साहित्य का इतिहास, चिंतामणि, रसमीमांसा, त्रिवेणी
(c) आकाश के तारे, धरती के फूल, भले-बिसरे चेहरे, जिंदगी मुस्काई
(d) सदाचार का ताबीज, रानी नागमती की कहानी, भोलाराम का जीव, जैसे उनके दिन फिरे

**28. डॉ. संपूर्णानन्द की रचना का नाम है:**
(a) हिन्दी भाषा की उत्पत्ति (b) आचरण की सभ्यता
(c) गेहूं बनाम गुलाब (d) भाषा की शक्ति

**29. कौन-सी कृति मोहन राकेश की नहीं है?**
(a) आषाढ़ का एक दिन (b) कन्यादान
(c) लहरों के राजहंस (d) आधे-अधूरे

**30. दृश्य काव्य की विधा है:**
(a) नाटक (b) निबन्ध
(c) उपन्यास (d) गीतिकाव्य

**31. दण्डी के काव्यशास्त्रीय ग्रंथ का नाम है:**
(a) प्रतिदर्श (b) काव्यशास्त्र
(c) काव्यादर्श (d) भाषादर्श

**32. 'दैत्य अरि: दैत्यारि:' एक उदाहरण है:**
(a) व्यंजन सन्धि का
(b) स्वर सन्धि का
(c) विसर्ग सन्धि का
(d) इनमें से कोई नहीं

**33. 'क: अपि' की संन्धि होगी:**
(a) कप (b) कपि:
(c) कर्पि (d) कोऽपि

**34. 'राम दशरथ के पुत्र थे' का संस्कृत मूल है:**
(a) राम: दशरथस्य पुत्र: आसीत्
(b) राम: दशरथस्य पुत्र: अस्मिन
(c) दशरथ रामस्य जनक: आसीत्
(d) रामस्य दशरथ: जनक अस्मिन

**35. 'ज्ञानिभि:' सार्धम् कदापि न दुहयते का अनुवाद है:**
(a) ज्ञानी के साथ बैर अच्छा नहीं होता है।
(b) ज्ञानियों के साथ बैर नहीं करना चाहिए।
(c) ज्ञानी के साथ कभी भी बैर नहीं करना चाहिए।
(d) ज्ञानी जनों के साथ बैर अनुचित है।

**36. 'शब्दार्थोसहितंकाव्यम्' परिभाषा किनके द्वारा दी गई है?**
(a) आचार्य दंडी (b) आचार्य रूद्रट
(c) आचार्य भामह (d) आचार्य विश्वनाथ

**37. 'नहुष' नाटक के लेखक बाबू गिरधरदास का भारतेन्दु हरिश्चन्द्र से क्या सम्बन्ध था?**
(a) पिता का (b) दादा का
(c) परदादा का (d) भाई का

**38. नीचे दिए गए नामों में से कौन-से कवि वल्लभाचार्य के शिष्य नहीं है?**
(a) चतुर्भुजदास (b) सूरदास
(c) कुंभनदास (d) परमानंददास

**39. प्रति आरोपण ?**
(a) प्रतिआरोपण (b) प्रतिरोपण
(c) प्रत्यारोपण (d) प्रत्आरोपण

**40. 'अजायबघर' है:**
(a) देशी शब्द
(b) विदेशी शब्द
(c) तद्भव शब्द
(d) संकर शब्द

Adda247 GET IT ON Google Play



**41.** हिन्दी साहित्य के इतिहास-ग्रन्थ 'हिन्दी साहित्य-विमर्श' के लेखक है:
(a) वियोगी हरि (b) सूर्यकान्त शास्त्री
(c) डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी (d) पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी

**42.** 'पराधीन सपनेहु सुख नाही' पंक्ति लिखी गई है:
(a) रहीमदास द्वारा (b) कबीरदास द्वारा
(c) मलूकदास द्वारा (d) तुलसीदास द्वारा

**43.** 'पेड़ से पत्ते गिरते हैं' में कारक है:
(a) कर्त्ता कारक (b) अपादान कारक
(c) करण कारक (d) सम्बन्ध कारक

**44.** निम्नलिखित में से किस शब्द में 'उपसर्ग' है?
(a) दशक (b) पराजय
(c) लालिमा (d) कारीगर

**45.** 'आचार' का विलोम शब्द है:
(a) अनाचार (b) आनाचार
(c) अत्याचार (d) विचार

**46.** 'सुख-दुःख' के बीच वाला ( ) चिह्न है:
(a) निर्देशक चिह्न (b) योजक चिह्न
(c) विवरण चिह्न (d) अपूर्ण विराम

**47.** 'जिसमें जानने की इच्छा हो' के लिए एक शब्द है:
(a) जितेन्द्रिय (b) अजेय
(c) जलचर (d) जिज्ञासु

**48.** 'अज्ञेय' का पूरा नाम है:
(a) रायकृष्णदास
(b) कन्हैया लाल
(c) सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्सायन
(d) हरिशंकर परसाई

**49.** निम्नलिखित शब्दों में से किस में उपसर्ग नहीं है?
(a) मिलान (b) सुपुत्र
(c) अधर्म (d) सुकर्म

**50.** 'स्फूर्ति' शब्द का तद्भव शब्द है:
(a) सुग्गा (b) सौत
(c) फुर्ती (d) इनमें से कोई नहीं

**51.** 'पंकज' शब्द निम्न में से किससे सम्बन्धित है?
(a) रूढ़ शब्द (b) यौगिक शब्द
(c) योगरूढ़ शब्द (d) इनमें से कोई नहीं

**52.** 'संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी' यह संविधान के किस अनुच्छेद में वर्णित है?
(a) अनुच्छेद 343 (b) अनुच्छेद 344
(c) अनुच्छेद 345 (d) अनुच्छेद 346

**53.** हिन्दी का पहला समाचार-पत्र कब और कहां से प्रकाशित हुआ?
(a) 1862 में कलकत्ता से
(b) 1828 में कलकत्ता से
(c) 1826 में बम्बई से
(d) 1828 में मद्रास से

**54.** 'उपाय वही सही होता है जिसका लोहा विरोधी भी माने' इसके लिए सही लोकोक्ति है:
(a) आधा तीतर, आधा बटेर
(b) चमत्कार को नमस्कार
(c) जादू वही जो सिर चढ़कर बोले
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**55.** निम्नलिखित में से कौन-सी रचना पुष्पदन्त की नहीं है?
(a) महापुराण (b) जय कुमार चरिउ
(c) जसहर-चरिउ (d) पउम चरिउ

**56.** निम्न पंक्तियां किस प्रसिद्ध कविता से उद्धृत है?
(a) राम की शक्ति-पूजा
(b) बादल-राग
(c) पेशोला की प्रतिध्वनि
(d) शेर सिंह का शस्त्र-समर्पण

**57.** 'कविता क्या है?' निबन्ध के लेखक है:
(a) रामचन्द्र शुक्ल (b) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(c) अध्यापक पूर्ण सिंह (d) कुबेर नाथ राय

**58.** सन् 1954 में प्रकाशित 'नयी कविता' पत्रिका के सम्पादक थे:
(a) अज्ञेय (b) धर्मवीर भारती
(c) श्री नरेश मेहता (d) जगदीश गुप्त

**59.** 'चांद का मुह टेढ़ा है' के रचियता है:
(a) नागार्जुन (b) मुक्तिबोध
(c) धर्मवीर भारती (d) धूमिल

**60.** केदारनाथ सिहं किस सप्तक के संकलित कवि हैं?
(a) तार सप्तक (b) दूसरा सप्तक
(c) तीसरा सप्तक (d) चौथा सप्तक

**61.** निम्नलिखित में कंठयध्वनियां कौन-सी है?
(a) क, ख (b) य, र
(c) य, ज (d) ट, ण

**62.** नीचे दिये गये विकल्पों में से तत्सम शब्द का चयन कीजिए:
(a) पड़ोसी (b) गोधूम
(c) बहू (d) शहीद

**63.** नीचे दिये गये विकल्पों में से तद्भव शब्द का चयन कीजिए:
(a) बैंक (b) मुंह
(c) गर्म (d) प्रलाप

**64.** 'शैतान की आंत' का अर्थ है:
(a) अत्यन्त धूर्त व्यक्ति
(b) नगण्य वस्तु
(c) बहुत लम्बी वस्तु
(d) अत्यन्त लाभदायक वस्तु

**65.** निम्नलिखित में से कौन-सा नाटक जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित नहीं है?
(a) स्कन्दगुप्त (b) चन्द्रगुप्त
(c) कर्वला (d) ध्रुवस्वामिनी

Adda247 GET IT ON Google Play



**66.** 'कामदेव' का पर्यायवाची शब्द कौन-सा है?
(a) सरोज (b) उरोज
(c) मनोज (d) पाथोज

**67.** निम्नलिखित में यौगिक शब्द छांटिए:
(a) दशानन (b) परोपकार
(c) चतुर्मुख (d) गोपाल

**68.** देवनागरी लिपि का सर्वप्रथम प्रयोग किस राज्य में हुआ माना जाता है?
(a) महाराष्ट्र (b) उत्तर प्रदेश
(c) राजस्थान (d) गुजरात

**69.** निम्नांकित में घोषण अल्पप्राण ध्वनि कौन-सी है?
(a) झ (b) ठ
(c) ज (d) त

**70.** दृग उदझत टूटत कुटुम, जुरत चतुर चित प्रीति।
परत गांठि दुरजन हिये, दई नई यह रीति।
उक्त दोहे में प्रयुक्त अलंकार है:
(a) विषम (b) असंगति
(c) व्यतिरेक (d) निदर्शना

**71.** रामविलास शर्मा की आत्मकथा 'अपनी धती अपने लोग' कितने खण्डों में विभक्त है?
(a) दो (b) तीन
(c) एक (d) चार

**72.** कहानी संग्रह 'दूसरा ताजमहल' की लेखिका है:
(a) नासिरा शर्मा (b) क्षमा कौन
(c) ममता कालिया (d) अनिता जैन

**73.** किस विद्वान ने देवनागरी लिपि के स्थान पर रोमन लिपि स्वीकार करने का सुझाव दिया था?
(a) सुनीति कुमार चटर्जी (b) महात्मा गांधी
(c) काका कालेलकर (d) विनोबा भावे

**74.** 'कैंची' किस भाषा का शब्द है?
(a) हिन्दी (b) अंग्रजी
(c) पुर्तगाली (d) तुर्की

**75.** यदि ए, ऐ, ओ तथा औ के बाद भिन्न स्वर आता है तो इनके स्थान पर क्रमश: 'अय, 'आय, 'अव्' 'आव' हो जाता है। यह सन्धि कौन-सी है?
(a) दीर्घ (b) गुण
(c) वृद्धि (d)अयादि

**76.** श्रीराम शर्मा की 'बोलती प्रतिमा' रचना की विधा है
(a) रेखाचित्र (b) संस्मरण
(c) आत्मकथा (d) जीवनी

**77.** भाषा के सम्बन्ध में असत्य कथन कौन-सा है?
(a) भाषा सामाजिक सम्पत्ति है।
(b) भाषा परिवर्तनशील है।
(c) भाषा अनुकरण ग्राहय है।
(d) भाषा पैतृक सम्पत्ति है।

**78.** शहर में कोई किसी की जाति नहीं पूछता, शहर के लोगो की जाति का क्या ठिकाना? लेकिन गांव में तो बिना जाति के आपका पानी नहीं चल सकता। यह कथन किस रचना से लिया गया है?
(a) परती परिकथा (b) रतिनाथ की चाची
(c) बलचनमा (d) मैला आंचल

**79.** ब्रजभाषा आधुनिक कालीन प्रसिद्ध कवि है:
(a) मैथिलीशरण गुप्त (b) हरिऔध
(c) जगन्नाथ दास 'रचनाकार' (d) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

**80.** 'हरी बिन्दी' किस साहित्यकार की कहानी है?
(a) मैत्रेयी पुष्पा (b) उषा प्रियंवदा
(c) मृदुला गर्ग (d) मन्नू भण्डारी

**81.** 'भई गति सांप छछून्दर केरी' लोकोक्ति का अर्थ है:
(a) सांप और छछून्दर जैसा होना।
(b) सांप का छछून्दर जैसा होना।
(c) दुविधा में पड़ जाना।
(d) छछून्दर का सांप हो जाना।

**82.** 'शेष कादम्बरी' उपन्यास की लेखिका है:
(a) मृदुला गर्ग (b) उषा प्रयंवदा
(c) मन्नू भण्डारी (d) अलका सरावगी

**83.** भवभूति का मूल नाम क्या था?
(a) श्रीपति (b) दामोदर
(c) श्रीकंठ (d) नीलकंठ

**84.** 'राम की गाय बहुत काली है' वाक्य में 'काली' शब्द है:
(a) सर्वनाम (b) क्रिया
(c) विशेषण (d) प्रविशेषण

**85.** 'प्रिय स्वतन्त्र रव अमृत मन्त्र नव' पंक्ति वाल कविता का सम्बन्ध है:
(a) जयशंकर प्रसाद से
(b) भवानी प्रसाद मिश्र से
(c) सुमित्रा नन्दन पन्त से
(d) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला से

**86.** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित 'लिपि सुधार-परिषद्' की 28,29 नवम्बर, 1953 को हुई बैठक की अध्यक्षता की थी:
(a) तत्कालीन उपराष्ट्रपति डा. जाकिर हुसैन ने।
(b) तत्कालीन उपराष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने।
(c) तत्कालीन उपराष्ट्रपति श्री वी.वी. गिरि ने।
(d) तत्कालीन उपराष्ट्रपति श्री बी. डी. जत्ती ने।

**87.** देवनागरी लिपि का विकास माना जाता है:
(a) देववाणी से (b) खरोष्ठी से
(c) ब्राह्मी से (d) सिंधु लिपि से

**88.** सूची-I का मिलान सूची-II से कीजिए और दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:

| | सूचि I | | सूचि II |
|---|---|---|---|
| A. | संकल्प | 1. | तद्भव |
| B. | सूरज | 2. | देशी |
| C. | काका | 3. | तत्सम |
| D. | मोटर | 4. | विदेशी |

Adda247 GET IT ON Google Play



कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

**89. निम्न में से कौन-सी रचना माहदेवी वर्मा की नहीं है?**
(a) यामा (b) दीपशिखा
(c) आंगन के पार द्वार (d) नीरजा

**90. खड़ी बोली में प्रथम महाकाव्य 'प्रियप्रवास' के रचयिता है**
(a) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(b) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
(c) माखनलाल चतुर्वेदी
(d) केशवदास

**91. निम्न में से व्यंग्यकार नहीं है:**
(a) रवीन्द्रनाथ त्यागी (b) अज्ञेय
(c) लतीफ घोंघी (d) हरिशंकर परसाई

**92. देवेन्द्र सत्यार्थी संस्मरण का नाम है:**
(a) माटी के मूरतें (b) अतीत के चलचित्र
(c) रेखाएँ बोल उठी (d) दीप जले शंख बजे

**93. विषणुकान्त शास्त्री की प्रसिद्ध गद्यकाव्य-कृति का नाम है**
(a) पूजा
(b) शुभ्रा
(c) कुछ चन्दन की कुछ कपूर
(d) दुपहिरया के फूल

**94. निम्न में से कौन-सी कृति जीवनी विधा से सम्बन्धित नहीं है?**
(a) चौरासी वैष्णवन की वार्ता
(b) बसेरे से दूर
(c) भक्तकाल
(d) मालवीयजी के साथ तीन दिन

**95. निम्न में से कौन-सा समूह आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी के उपन्यासों को दर्शाता है?**
(a) अप्सरा, अलका, प्रभावती, निरूपमा।
(b) बाणभट्ट की आत्मकथा, चारू चन्द्रलेख, पुनर्नवा, अनामदास का पोथा।
(c) झूठा सच, दादा कामरेड, देशद्रोही, दिव्या।
(d) सोमनाथ, धर्मपुत्र, वयं रक्षाय: आत्मदाह।

**96. द्विगु समास का उदाहरण है**
(a) राजा-रानी (b) पीताम्बर
(c) त्रिभुवन (d) भूदेव

**97. निम्न में अशुद्ध वाक्य बनाइए:**
(a) पुस्तक मेंज पर रखी है।
(b) कच्चे तेल की कीमत घट गया है।
(c) यह मेरे सपनों का घर है।
(d) कानपुर भारत की औद्यौगिक राजधानी है।

**98. 'निष्फल न होने वाला' कहलाता है**
(a) निश्चित (b) सही
(c) सटीक (d) अमोघ

**99. 'नौ दिन चले आढ़ाई कोस' से तात्पर्य है:**
(a) नौ दिन में अढ़ाई कोस चलना
(b) धीरे-धीरे चलना
(c) चलने की कोशिश करना
(d) अधिक परिश्रम का थोड़ा फल मिलना

**100. भवभूति की रचना का नाम है**
(a) उत्तररामचरितम् (b) उत्तररामायण
(c) रामचरित (d) हर्षचरितदर्शन

**101. 'हम महान् राष्ट्र के नागरिक है' का संस्कृत में अनुवाद होगा:**
(a) वयं भारत राष्ट्रस्य नागरिका: स्म
(b) वयं भारत राष्ट्रे नागरिक अस्ति
(c) वय महत: भारतस्य नागरिका: स्म
(d) वयं महत: राष्ट्रस्य नागरिका: स्म

**102. 'प्रेम वाटिका' नामक ग्रन्थ रचित है:**
(a) रसखान द्वारा (b) रहीम द्वारा
(c) नन्ददास द्वारा (d) मीराबाई द्वारा

**103. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'कमल' का पर्यायवाची नहीं है?**
(a) अरविन्द (b) शतदल
(c) सरसिज (d) अमिय

**104. ज्ञानाश्रयी शाखा के प्रमुख कवि है:**
(a) रैदास (b) कबीरदास
(c) गुरूनानक (d) तुलसीदास

**105. निम्नलिखित में से कौन-सा नाटक जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित है?**
(a) ध्रुवस्वामिनी (b) कृष्णार्जुन युद्ध
(c) रूक्मिणी परिणय (d) प्रेमलोक

**106. निम्नलिखित में से कौन-सा तत्सम रूप है?**
(a) अंधकार (b) अंधियारा
(c) अंधेरा (d) रात

**107. अयोध्या सिहं उपाध्याय 'अरिऔध' द्वारा लिखित काव्य ग्रन्थ है:**
(a) कनुप्रिया (b) पथिक
(c) चोखे चौपदे (d) वासवदत्ता

**108. 'अज्ञेय' की रचना है:**
(a) कुरूक्षेत्र (b) हुंकार
(c) पवनदूत (d) हरी घास पर क्षण भर

**109. 'अशोक के फूल' निबन्ध रचित है:**
(a) महादेवी वर्मा द्वारा
(b) डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी द्वारा
(c) रामधारी सिंह 'दिनकर' द्वारा
(d) नागार्जुन द्वारा

**110. 'अनामिका' काव्य किनके द्वारा रचित है?**
(a) अज्ञेय (b) निराला
(c) धूमिल (d) सुमन

Adda247
GET IT ON Google Play



**111.** 'दुष्प्रकृति' शब्द का सन्धि विच्छेद है:
(a) दुस्  प्रकृति
(b) दुः  प्रकृति
(c) दुश्  प्रकृति
(d) दुसप्र  कृति

**112.** मैथिली बोली के लोकप्रिय कवि है:
(a) तुलसी
(b) जयसी
(c) विद्यापति
(d) नन्ददास

**113.** 'हस्ताक्षेप' का शुद्ध शब्द है:
(a) हस्थोक्षप
(b) हस्तकक्षेप
(c) हस्तक्षेप
(d) हस्तेक्षप

**114.** सूरदास ने किस कृति को नहीं लिखा?
(a) सूरसारावली
(b) दोहावली
(c) साहित्य लहरी
(d) सूरसागर

**115.** 'आंसू' शब्द है?
(a) तत्सम
(b) तद्भव
(c) देशज
(d) इनमें से कोई नहीं

**116.** 'विशिष्टाद्वैतवाद' के प्रतिपादक कौन थे?
(a) रामानन्द
(b) रामानुजाचार्य
(c) मध्याचार्य
(d) निम्बाकाचार्य

**117.** निम्नलिखित में से किसने पुष्टिमार्ग की स्थापना की?
(a) चैतन्य महाप्रभु
(b) वल्लभाचार्य
(c) विट्ठलनाथ
(d) सूरदास

**118.** 'आनन्द कादम्बिनी' का सम्पादक कौन था?
(a) बालकृष्ण भट्ट
(b) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(c) बद्रीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'
(d) प्रताप नारायण मिश्र

**119.** निम्नलिखित में से कौन-सा कवि 'अष्टछाप' का कवि नहीं था?
(a) नन्ददास
(b) परमानन्ददास
(c) छीत स्वामी
(d) हरिव्यास देव

**120.** 'बादल-राग' के रचयिता है:
(a) प्रसाद
(b) पत
(c) निराला
(d) महादेवी

**121.** डॉ. हरिवंशराय बच्चन की कृति 'क्या भूलूं क्या याद करूं?' किस विधा में लिखी गई एक प्रतिनिधि गद्य-कृति है?
(a) संस्मरण
(b) उपन्यास
(c) रेखाचित्र
(d) आत्मकथा

**122.** 'अज्ञेय' की 'असाध्य वीणा' किस प्रकार की काव्य कृति है?
(a) खण्डकाव्य
(b) प्रबन्धकाव्य
(c) महाकाव्य
(d) प्रलम्ब काव्य या लम्बी कविता

**123.** जहां कारण बिना कार्य की उत्पत्ति होती हो, वहां कौन-सा अलंकार होता है?
(a) विभावना
(b) विशेषोक्ति
(c) असंगति
(d) दीपक

**124.** तो पर वारों उस बसी, सुन राधिके सुजान।
तू मोहन की उर बसी, है उर बसी समान।
उपर्युक्त दोहे में कौन-सा अलंकार है?
(a) यमक
(b) अनुप्रास
(c) श्लेष
(d) वक्रोक्ति

**125.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए:
(a) कुमुदनी
(b) कुमुदुनी
(c) कुमुदिनी
(d) कुमदुनी

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | (b) | **2.** | (b) | **3.** | (d) | **4.** | (b) | **5.** | (d) | **6.** | (a) | **7.** | (a) | **8.** | (a) | **9.** | (b) | **10.** | (c) |
| **11.** | (d) | **12.** | (c) | **13.** | (b) | **14.** | (d) | **15.** | (a) | **16.** | (b) | **17.** | (a) | **18.** | (d) | **19.** | (c) | **20.** | (d) |
| **21.** | (a) | **22.** | (a) | **23.** | (b) | **24.** | (a) | **25.** | (c) | **26.** | (c) | **27.** | (b) | **28.** | (d) | **29.** | (b) | **30.** | (a) |
| **31.** | (c) | **32.** | (b) | **33.** | (d) | **34.** | (a) | **35.** | (b) | **36.** | (c) | **37.** | (a) | **38.** | (a) | **39.** | (c) | **40.** | (d) |
| **41.** | (d) | **42.** | (d) | **43.** | (b) | **44.** | (b) | **45.** | (a) | **46.** | (b) | **47.** | (d) | **48.** | (c) | **49.** | (a) | **50.** | (c) |
| **51.** | (c) | **52.** | (a) | **53.** | (a) | **54.** | (c) | **55.** | (d) | **56.** | (a) | **57.** | (a) | **58.** | (d) | **59.** | (b) | **60.** | (c) |
| **61.** | (a) | **62.** | (b) | **63.** | (b) | **64.** | (a) | **65.** | (c) | **66.** | (c) | **67.** | (b) | **68.** | (d) | **69.** | (d) | **70.** | (b) |
| **71.** | (b) | **72.** | (a) | **73.** | (a) | **74.** | (d) | **75.** | (d) | **76.** | (b) | **77.** | (d) | **78.** | (c) | **79.** | (c) | **80.** | (c) |
| **81.** | (c) | **82.** | (c) | **83.** | (c) | **84.** | (c) | **85.** | (d) | **86.** | (b) | **87.** | (c) | **88.** | (c) | **89.** | (c) | **90.** | (b) |
| **91.** | (b) | **92.** | (c) | **93.** | (c) | **94.** | (b) | **95.** | (b) | **96.** | (c) | **97.** | (b) | **98.** | (d) | **99.** | (d) | **100.** | (a) |
| **101.** | (d) | **102.** | (a) | **103.** | (d) | **104.** | (b) | **105.** | (a) | **106.** | (a) | **107.** | (c) | **108.** | (d) | **109.** | (b) | **110.** | (b) |
| **111.** | (b) | **112.** | (c) | **113.** | (c) | **114.** | (b) | **115.** | (b) | **116.** | (b) | **117.** | (b) | **118.** | (c) | **119.** | (d) | **120.** | (c) |
| **121.** | (d) | **122.** | (d) | **123.** | (a) | **124.** | (a) | **125.** | (c) | | | | | | | | | | |